मलबार हिल को सर्वोत्तम
आवास स्थल बनाने का
हमारा सपना.
भाजपा की सरकार आने
पर इसे साकार करने
का मेरा वादा.

*- मंगल प्रभात लोढ़ा*

बोलता नहीं, करता हूं

Vote for BJP
on Wednesday, 15th Oct.



श्री मंगल प्रभात लोढ़ा  अपने प्रेरणा स्त्रोत श्री नरेंद्रभाई मोदी के साथ

## हमारे विधायक

मंगल प्रभात लोढा-स्वर्गीय जस्टिस गुमानमल लोढ़ा के पुत्र। श्री गुमानमल लोढ़ा, असम हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश, भारत सरकार के पशु कल्याण बोर्ड के चेयरमेन एवं राजस्थान में पाली से तीन बार सांसद भी रहे। मंगल प्रभात लोढा बचपन से ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की विचारधारा से प्रभावित थे, साथ ही देश को आंतरिक रुप से सुरक्षित रखने एवं आर्थिक रुप से जीवंत बनाने के प्रति उन्हें गहरा लगाव रहा है। जोधपुर से बी.कॉम., एलएल.बी. करने के बाद राजस्थान हाईकोर्ट में उन्होंने एडवोकेट के रुप में अपना करियर शुरु किया। कुछ समय बाद ही उनके पिता श्री गुमानमल लोढ़ा राजस्थान हाईकोर्ट में जज नियुक्त हुए। जिस कोर्ट में पिता जज, उसी में बेटा वकील कैसे हो। नैतिकता के नाते मंगल प्रभात लोढ़ा वकालात छोड़कर सन १९८० में मुंबई आ गए। बहुत सीमित वित्तीय संसाधनों के साथ उन्होंने अपनी कड़ी मेहनत की क्षमता के आधार पर अपना व्यवसाय खड़ा किया। सन २००५ के बाद से उनके बेटे व्यवसाय संभाल रहे हैं एवं श्री लोढ़ा अब पूरी तरह से राजनीतिक एवं सामाजिक कार्यों से संबद्ध हैं। मलबार हिल से लगातार चार बार विधायक चुने गए श्री लोढ़ा, महाराष्ट्र प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के उपाध्यक्ष, ऑल इंडिया बिजनेस कौंसिल के चेयरमेन एवं शहीद गौरव समिति के संयोजक भी हैं।

# भाजपा के नेतृत्व में आज भारत आगे बढ़ रहा है, तो फिर महाराष्ट्र पीछे क्यों रहे?

बरसों से मुंबई को एक दुधारू गाय की तरह समझा जाता रहा। न तो यहां के लोगों की भावनाओं का खयाल किया गया और न ही इसके विकास की तरफ कोई खास ध्यान दिया गया, इस शहर को सिर्फ टैक्स वसूली के साधन के रुप में उपयोग किया जाता रहा। महाराष्ट्र पर विभिन्न पार्टियों ने राज किया, लेकिन किसी ने भी मुंबई के विकास पर फोकस नहीं किया। ये पार्टियां सिर्फ खोखले वादों के साथ भ्रष्टाचार में लिप्त रहीं। उधर, नरेंद्रभाई मोदी के नेतृत्व में बहुत अल्प समय में ही एक फैसले लेने वाली विकास उन्मुख सरकार जो हासिल कर सकती है, वह हम सबके सामने हैं। नरेंद्रभाई मोदी के नेतृत्व में मुंबई को श्रेष्ठतम शहर बनाने और महाराष्ट्र में भाजपा की सरकार लाने का स्वर्णिम अवसर, अब हमारे सामने है।

मलबार हिल के विकास के लिए हम बरसों से राज्य सरकार और महानगरपालिका से लड़ते रहे हैं। इस इलाके के लिए हमने बहुत काम किया है, और काफी कुछ करना बाकी है। महाराष्ट्र में भाजपा की सरकार आएगी, तो मुंबई और दिल्ली की भाजपा सरकार दोनों मिलकर हमारे इलाके का कायाकल्प कर सकती हैं। आपके सहयोग से मलबार हिल को एक तेहतरीन आवासीय जगह बनाने के लिए हमने एक सात सूत्री कार्यक्रम तैयार किया है।

इस कार्ययोजना को अमल में लाने के लिए आपके सहयोग की आशा है। मलबार हिल को निश्चित रुप से वर्ल्ड क्लास बनाने के लिए यह मेरी कार्यसूची का पहला कदम है। आशा है, इस बारे में आप अपने विचारों से अवगत कराएंगे। /MP Lodha या @MPLodha पर आप अपने विचार प्रेषित कर सकते हैं।

भाजपा शासन में
मलबार हिल के विकास पर
हमारे विजन के लिए स्केन करें



**मंगल प्रभात लोढा**

# 1 व्यापार और रोजगार के बेहतरीन अवसरों का निर्माण

अनगिनत टैक्स, लाइसेंस राज, एलबीटी और ऑक्टॉय की वजह से मुंबई में व्यापार-उद्योग की कमर टूट गई है, इसी कारण रोजगार के अवसर समाप्त होते गए।

तात्कालिक योजना:

ए) ऑक्ट्रॉय हटाना और एलबीटी जैसा कोई नया टैक्स नहीं।

बी) जीएसटी के साथ वन पॉइंट टैक्स सिस्टम - हर तरह के अन्य टैक्स निर्मूलन।

सी) पुरानी टैक्स वसूली के लिए एक विशेष अभय योजना – ताकि किसी भी तरह की सरकारी मुकदमेबाजी के डर से निकलकर व्यापार को आगे बढाया जा सके।

डी) कुशल प्रतिभा निर्माण के लिए व्यावसायिक प्रशिक्षण हेतु एक निश्चित फंड की सुनिश्चितता

इ) रोजगार प्राप्ति की उच्च क्षमताओं का कौशल निर्माण करने हेतु स्कूल और कॉलेज के पाठ्यक्रमों में विशेष विषय समाहित करेंगे, ताकि अपने स्नातक छात्रों को बेहतरीन रोजगार मिले।

एफ) व्यापारिक विकास के लिए सरकारी विभागों में निश्चित रुप से इंस्पेक्टर राज की समाप्ति।



# 2 रोड एवं ट्रैफिक में सुधार

पूरी मुंबई का ट्रैफिक मलबार हिल इलाके से गुजरता है, जिसकी वजह से हमारे इस क्षेत्र में हर समय सड़कों पर ट्रैफिक जाम की स्थिति रहती है, और पर्यावरण भी दूषित होता है।

तात्कालिक योजना:

ए) वरली से नरीमन पॉईंट तक का सी लिंक पूरा कराना एवं उसे ईस्टर्न फ्री-वे के साथ जोड़ना, ताकि एक रिंग रोड का निर्माण हो सके और खास तौर पर मलबार हिल में ट्रैफिक कम हो सके।

बी) हाल ही में मंजूर हैंगिंग गार्डन से चौपाटी बैंड स्टैंड तक के सीरी रोड़ का काम २०१५ में पूरा कराना।

सी) ट्रैफिक कम करने के लिए हाजी अली सर्कल पर फ्लाई ओवर का निर्माण।

डी) बाणगंगा स्थित रॉकी हिल रोड खुलवाना और उसे चौड़ा करवाना।

ई) हेंगिंग गार्डन से केंम्स कॉर्नर तक के रोड को चौड़ा करवाना एवं टू-वे करने की संभावनाओं का अध्ययन।

एफ) कमला नेहरु पार्क एवं हैंगिंग गार्डन के बीच पादचारी पुल का निर्माण

जी) सडकों पर बस, ट्रक जैसे कमर्शियल वाहनों के लिए नो पर्किंग, ताकि स्थानीय नागरिकों को पार्किंग की ज्यादा जगह सुनिश्चित हो सके।



एच) डी वॉर्ड (नाना चौक), आरटीओ कंपाउंड (ताडदेव) व राजभवन क्षेत्र आदि विभिन्न स्थानों पर नए पार्किंग स्थलों का निर्माण।

# 3 स्कूलों मे १०,००० नई सीट का सृजन

मलबार हिल की कई स्कूलें बहुत ऊंची फीस के साथ आईबी (या उनके समकक्ष) में तब्दील हो गई हैं। इस वजह से अपने बच्चों के स्कूल एडमिशन में अभिभावकों को बहुत दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

तात्कालिक योजना:

ए) आईसीएसई और एसएससी मीडियम में परिवर्तित करने के लिए हमारे क्षेत्र के ५ ऐसे स्कूल हमने निश्चित किए हैं, जो या तो बंद पडे हैं या उनका उपयोग कम हो रहा है, वहां वाजिब दरों पर १०,००० नई स्कूल सीटें सृजित होंगी। इन स्कूलों में शारदा मंदिर स्कूल (गामदेवी), जनता नगर (ताडदेव) और जगन्नाथ शंकर सेठ स्कूल (ताडदेव) शामिल हैं।

बी) इन स्कूलों में १५ मिनिट के ड्राइविंग डिस्टेंस पर रहनेवालों को प्राथमिकता दी जाएगी।

सी) वर्तमान स्कूलों को किसी भी तरह के रुपांतरण (चेंज ऑफ यूज) पर प्रतिबंध के लिए कानून में प्रावधान किया जाएगा।



# 4 सुरक्षित और संरक्षित मलबार हिल

मलबार हिल एवं शहर के अन्य इलाको में घरेलू कामगारों के मामले में चोरी और हिंसा की घटनाएं अकसर होती रहती हैं। इसके साथ ही बलात्कार, सडक हादसों और अनय गंभीर अपराधों में वृद्धि हुई है।

तात्कालिक योजना:

ए) अत्याधुनिक एलईडी लाइटस का उपयोग करके सार्वजनिक जगहों पर बेहतर रोशनी की व्यवस्था। (सिल्वर ओक्स लेन, ब्रीच केंडी में इसका पायलट प्रोजेक्ट लागू कर दिया गया है)

बी) प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे, जिन पर पुलिस स्टेशनों में सीधा वॉच रखा जा सकेगा।

सी) घरेलू कामगारों के सत्यापन को हर सोसायटी में आवश्यक किया जाएगा।

डी) २४ × ७ इमरजेंसी हेल्पलाई नंबर, जिस पर पुलिस और निजी एजेंसियों की सीधी निगरानी।

ई) हमारे इलाके में पाईप्ड गॅस की सुविधा सुनिश्चित की जाएगी। जिससे मौंट ब्लैंक जैसी आगजनी की घटना एवं रिस्की गैस सिलेंडरो का उपयोग बंद होगा।

एफ) सोसायटी प्रबंधन के जानकारों, सुरक्षा एवं सरकारी विभागों से तालमेल हेतु सोसायटी में हर सप्ताह विशेष हेल्प लाईन कार्यक्रम का आयोजन



# 5 पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन

भारी ट्रैफिक, संवेदनहीन विकास एवं अन्य कई कारणों से हमारे पर्यावरण को काफी नुकसान पहुंचा है।

तात्कालिक योजना:

ए) सभी प्रमुख चौराहों पर एयर क्वालिटी मॉनीटर्स की स्थापना करना एवं स्थानीय निवासियों को उसकी जानकारी उपलब्ध करवाना।

बी) सौर ऊर्जा संचालित लाइटस की स्थापना।

सी) सार्वजनिक स्थलों पर बिजली एवं पानी गरम करने के लिए सौर ऊर्जा के उपयोग के लिए विशेष सबसिडी का प्रावधान।

डी) एरिया लोकल मेनेजमेंट के साथ मिलकर रेन वॉटर हार्वेस्टिंग एवं उसके पुन: उपयोग की पहल।

ई) विशाल पैमाने पर वृक्षारोपण

एफ) पूर्व उल्लेख के मुताबिक वातावरण की क्वालिटी में सुधार के लिए ट्रैफिक कम करने पर विशेष ध्यान।



# 6 भाडूती इमारतों का समयबद्ध पुनर्विकास एवं सोसायटियों के लिए अतिरिक्त एफएसआई

भाडूती इमारतों के पुनर्विकास की गति बहुत धीमी है, एवं इस काम में लोगों को कई तरह की मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। उपनगरों में टीडीआर की मंजूरी से तेज विकास होने के बावजूद एवं ३० साल से पुरानी इमारतों की जर्जर स्थिति होने पर भी पुर्नविकास के लिए सरकार का समर्थन नहीं मिलने से स्थानीय रहवासियों को कई तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा हैं।

तात्कालिक योजना:

ए) स्थानीय रहवासियों की सहमति से पांच साल में पुनर्विकास के सभी प्रोजेक्ट पूरे करने के लिए डीसीआर ३३(७) एवं ३३(९) में आवश्यक बदलाव करवाना। अगर प्रोजेक्ट निर्धारित समय में पूरा न हो तो डेवलपर पर भारी पेनल्टी लगाए जाने का प्रावधान करवाना। समयबद्ध कार्यक्रम के तहत पुर्नविकास के लिए प्रस्ताव पेश करने के ९० दिन के भीतर स्वीकृति ।

बी) पुरानी सोसायटियों एवं ३० साल से ज्यादा पुरानी इमारतों के पुनर्विकास को संभव बनाने के लिए २.५ या इससे ज्यादा एफएसआई दी जाएगी।

सी) पुरानी इमारतों की मरम्मत के लिए सरकारी अनुदान में बढ़ोतरी, ५० वर्ष पुरानी इमारतों के लिए २५% एवं ७५ वर्ष पुरानी इमारतों के लिए ५०% की बढ़ोतरी की जाएगी।

डी) छोटे प्लॉटस के रीडेवलपमेंट में ओपन स्पेस छोडने के मामले में छूट

ई) चाल के घरों में अटैच टॉयलेट बनाने के लिए अतिरिक्त मुफ्त एफएसआई देने का प्रस्ताव



एफ) पुनर्विकास के लिए सरकारी स्तर पर एक समान टेनेंट – डेवलपर एग्रीमेंट की रचना, जिससे भाडूतों के हक का संरक्षण किया जा सके।

जी) शिकायतों के निराकरण के लिए म्हाडा के अधिकारी एवं सरकारी कानूनी सलाहकार मलबार हिल में हर महीने उपलब्ध कराए जाएंगे।

एच) पारसी अगियारी के संरक्षण एवं हमारे इलाके की इमारतों के लिये ताडदेव आरटीओ से लेकर विल्सन कॉलेज तक रोड को चौडा करने के प्लान में बदलाव करके उसकी चौडाई कम की जायेगी।

# 7 जन सहभागिता से ओपन स्पेस का विश्वस्तरीय प्रबंधन

हमारे इलाके की ज्यादातर खुली जगहें राजनेताओं के कब्जे में हैं। कुछ साल पहले वे लोग रेसकोर्स में भी निर्माण करना चाह रहे थे। मेरी कोशिश है कि खुली जगहों का संरक्षण हो।

तात्कालिक योजना:

ए) खुली जगहों के विकास के लिए विशेष सरकारी फंड का प्रावधान।

बी) खुली जगहों के संचालन के कामकाज को हम किसी एक परिवार की जागीर नहीं बनने दे सकते। सभी खुली जगहों की संचालन समितियों में कम से कम ५०% सदस्य वे लोग होंगे, जो आसपास १० मिनिट के अंतराल में रह रहे है।

सी) मुंबई सेंट्रल रेलवे स्टेशन के नजदीक ओलंपिक साईज का स्वीमिंग पुल एवं जिम के साथ विशाल गार्डन बनाना।

डी) प्रियदर्शिनी पार्क में ओलंपिक साईज का स्वीमिंग पुल बनाना।

ई) वसंतराव नाईक उद्यान (ताडदेव) को अगले १२ महीनों में विश्स्तरीय स्पोटर्स ग्राउंड में तब्दील करना।



# महाराष्ट्र से भाजपा के सशक्त नेता



श्री नितिन गडकरी



श्री देवेंद्र फडणवीस



श्री एकनाथ खडसे



श्री विनोद तावडे



श्री सुधीर मुनगंटीवार



श्रीमती पंकजा मुंडे

१५ अक्टूबर को अवश्य मतदान करें एवां

श्री मंगल प्रभात लोढ़ा को भारी बहुमत से विजयी बनाएं

3 | Mangal Prabhat Lodha

**To know more, log on to mangalprabhatlodha.com or**

**facebook.com/MPLodha or to @MPLodha**

Printer: Jagruti Publisher: Prashant Dani. Qty: 20000